हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026



# संपत्तिकर कम करने होगा पुनर्विचार, कांग्रेस चलाएगी हस्ताक्षर अभियानः मेयर

## कई वार्ड में 200 फीसदी की बढ़ोत्तरी से नाराजगी, चेंबर ऑफ कामर्स ने मेयर के सामने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बढ़ाए गए संपत्तिकर के खिलाफ चौतरफा विरोध देखे जाने के बाद अब निगम सरकार भी बैकफुट पर आ गई है। आम लोगों के साथ ही व्यापारी और जनप्रतिनिधियों ने भी इस बढ़ोत्तरी को जनता के साथ अन्याय बताया है। यही कारण है कि अब जनता पर बढ़े हुए संपत्तिकर के बोझ को कम करने के लिए निगम प्रशासन पुनर्विचार करेगा।

महापौर मधुसूदन यादव ने साफ किया है कि जनता के हित में निर्णय लिया जाएगा। इधर कांग्रेस भी आज से बढ़े हुए संपत्तिकर के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी में है। चौक-चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इधर इस मामले को लेकर बुधवार को महापौर मधुसूदन यादव से उत्तर एवं दक्षिण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मुलाकात कर शहर में बढ़े हुए संपत्तिकर की विसंगतियों के बारे में अवगत कराया। इस पर महापौर मधुसूदन यादव ने तत्काल इस पर सहमति व्यक्त करते बढ़े हुए संपत्ति कर पर पुर्नविचार करने का आश्वासन दिया।ज्ञात हो संपत्तिकर बढ़ाए जाने को लेकर लगातार विरोध सामने आ रहा था, आम लोगों के साथ ही कांग्रेस और व्यापारी संगठन ने भी इस बढ़ोत्तरी को सही नहीं बताया था। चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद अपने पदाधिकारियों के साथ इस मामले में बुधवार को महापौर मधुसूदन यादव से भी मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने संपत्तिकर में कटौती किए जाने की मांग रखीं थी। सभी तरफ से आ रही मांग के बाद अब महापौर ने भी पुनर्विचार करने का एलान किया है।

### आज से तेज होगा विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा संपत्ति कर में 20 से 65 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। जिससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। भारी बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने शहर में जनआंदोलन की शुरूआत कर दी है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में पार्षदों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम नागरिकों का समर्थन जुटाना शुरू किया है। 17 अप्रैल से यह अभियान और व्यापक रूप से चलाया जाएगा।



### कई वार्ड में दोगुना बढ़ी दरें

शहर के कई वार्डों में एकमुश्त दोगुना से अधिक बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध भी देखने को मिल रहा है। बताया गया कि शहर में करीबन आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं, जहां दो सौ फीसदी तक बढ़ोत्तरी कर दी गई है। वहीं दर्जनभर वार्ड में 50 प्रतिशत तक इजाफा संपत्तिकर में हुआ है। शहर के 7 वार्ड में संपत्तिकर दोगुना बढ़ाया गया है। इनमें वार्ड क्रमांक 15, 24, 25, 26, 27, 29, 36, 37 शामिल है।

## खबर संक्षेप

### डबल मर्डर के 11 आरोपियों को आजीवन करावास

**राजनांदगांव।** नंदई चौक में हुए डबल मर्डर के 11 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन करावास की सजा सुनाई है। मामले में लिप्त दो लोगों को दोषमुक्त भी किया गया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डीआर देवांगन ने उक्त फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक विनोद कुमार बाजपेयी ने बताया कि घटना 31 अक्टूबर 2022 की सुबह हुई थी। गौरीनगर निवासी विकास उर्फ कान्हा और जितेंद्र यादव पर पुराने विवाद पर आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किया। घटना में विकास उर्फ कान्हा की मौके पर मौत हो गई। वहीं जितेंद्र यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी मोहनलाल यादव, छगन उर्फ बिल्लू, सोहेल खान उर्फ सोनू, दुर्गेश उर्फ दुर्गु नेताम, ओमप्रकश सिन्हा उर्फ राजा, कुलश साहू उर्फ भैरा, सुनील यादव, प्रशांत उर्फ गोलू, पुलकित केमे, रूपेश उर्फ लक्की नेताम और अमित गोड़ को आजीवन करावास की सजा सुनाई है। वहीं अभियुक्त सुमित यादव और राहुल उर्फ लक्ष्मण को दोषमुक्त कर दिया गया है।

### एसडीएम जांच में कमल साल्वेंट में मिली खामियां

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतराई स्थित पावर प्लांट में हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों की लगातार जांच की जा रही है। विगत दो दिनों में 30 से अधिक उद्योगों का निरीक्षण किया जा चुका है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव द्वारा कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड में विभिन्न प्रकार की सुरक्षा संबंधी खामियां पाई गई, जो लापरवाही को दर्शाता है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंधक को कमल सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए।

## मंडी में दाम कम होने के बाद भी पीएम-आशा योजना से अधिक बिक्री

# मंडी में आवक तेज, समितियों में पहुंचा सिर्फ 937 क्विंटल चना!

## पांच हजार से ज्यादा किसानों ने कराया है पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार की पीएम आशा योजना के तहत अब धान के अलावा चना, सरसो सहित अन्य फसल की खरीदी भी शुरू कर की गई है। इन फसल के दाम भी मौजूदा मंडी में हो रही बिक्री से अधिक है, लेकिन इसके बावजूद समितियों में अब तक महज 937 क्विंटल चना ही पिछले डेढ़ महीने में बिकने के लिए पहुंचा है। जबकि इस दौरान मंडी में लगातार चने की आवक तेज बनी हुई है और रोजाना ही तीन से साढ़े तीन सौ क्विंटल चना बिक्री के लिए पहुंच रहा है।

मंडी से मिली जानकारी के अनुसार इस बार चने का अधिकतम दाम 54 सौ के करीब ही रहा है। जबकि सरकार पीएम आशा योजना के तहत चने की खरीदी में 5875 रुपए दे रही है। इसके बावजूद किसानों के दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा जिले में रबी मौसम की दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों के उत्पाद को प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम-आशा अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने हेतु कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों को किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा समुचित व्यवस्था बनाकर खरीदी करने के निर्देश दिए गए हैं।



### 16 केंद्रों के जरिये हो रही खरीदी

निर्देशों के पालन में जिले की 15 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों एवं एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान द्वारा पीएम-आशा योजना अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिले में 15 उपार्जन केन्द्रों एवं एक एफपीओ को अधिसूचित किया गया है।

### सभी फसल का दाम तय

वर्तमान में चना का अधिकतम मंडी मूल्य 5070 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 5650 रुपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 5662 रुपए प्रति क्विंटल है। जबकि पीएम-आशा योजना अंतर्गत चना 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। इसके बाद भी पीएम-आशा योजना के मुकाबले मंडी में दस गुना तक चना, सरसो और मसूर की आवक देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार सोयाबीन 5328 रुपए प्रति क्विंटल, अरहर 8000 रुपए प्रति क्विंटल, चना 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

### 108 किसान से खरीदी

जिले में अब तक कुल 1451 क्विंटल फसलों की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें चना 967.5 क्विंटल, मसूर 374.5 क्विंटल, सरसों 15.5 क्विंटल, अरहर 9 क्विंटल एवं सोयाबीन 73.5 क्विंटल शामिल हैं। जिले में अब तक 108 कृषकों को कुल 4014733 रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की स्थिति के अनुसार चना हेतु 3382 किसान, मसूर हेतु 1237 किसान एवं राई व सरसों हेतु 465 किसान, इस प्रकार कुल 5084 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है।

### 20 अप्रैल तक पंजीयन

पीएम-आशा योजना के तहत आगामी 20 अप्रैल तक पंजीयन की अवधि तय की गई है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत एकीकृत किसान पोर्टल एवं नाफेड के ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराएं तथा योजना का लाभ उठाएं। यह योजना किसानों की आय वृद्धि एवं दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। चना, मसूर एवं सरसों विक्रय हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि आगामी 20 अप्रैल तक निर्धारित है।

# पिकअप की ठोकर से दंपति की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में सवार होकर जा रहे दंपत्ति को हाईवे में पिकअप वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे मोपेड सवार दंपत्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पर तुमडीबोड पुलिस चौकी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोपेड में सवार होकर डोंगरगढ़-बधियाटोला निवासी श्यामलाल महोबिया एवं उनकी पत्नी चित्ररेखा महोबिया राजनांदगांव से डोंगरगढ़ की ओर बुधवार की शाम जा रहे थे। वे शाम लगभग 7 बजे नेशनल हाईवे में ग्राम कोपेडीह जैन मंदिर के पास पहुंचे ही थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन के चालक ने उन्हें अपनी चपेटे में ले लिया।

पुलिस के अनुसार इस घटना में मोपेड सवार पति-पत्नी को गंभीर चोंटे आई थी, जिन्हें हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया। बताया गया कि उपचार के दौरान चित्ररेखा की मौत हो गई। थोड़ी देर बाद श्यामलाल की भी मौत हो गई। इस घटना से बधियाटोला क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### बाइक पुलिया से टकराई, दो युवकों की मौत

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बढ़ते अकाल मौतो के ग्रॉफ के बीच बुधवार रात अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के घोरदा पुल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना घोरदा और गौलीटोला गांव के बीच स्थित पुलिया मे हुई है। अंबागढ़ चौकी नगर से सटे ग्राम डोंगाघाट निवासी अशोक कोमा पिता बिसराराम कोमा 45 साल, राजकुमार कोमा पिता महराराम कोमा 40 साल एवं करण कोमा एक शादी समारोह में शामिल होने ग्राम घोरदा गए हुए थे। कार्यक्रम से लौटते समय रात करीब 9.30 बजे के लगभग घोरदा-गौलीटोला के मध्य तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसा इतना भयावह था कि तीनों युवक पुल से जबर्दस्त तरीके से टकरा गए और मोटर साइकिल की हादसे में परखच्चे उड़ गए । घटना में अशोक कोमा और राजकुमार कोमा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि करण कोमा गंभीर रूप से घायल है, जिसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी से रेफर किया गया है।



# मेंटल अस्पताल में मर्डर...साथी मरीज ही निकला आरोपी, गला दबाकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवादा स्थित एक मेंटल हास्पिटल में उपचार हेतु भर्ती मरीज की हत्या कर दी गई थी। इस मामले की बारिकी से जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। ज्ञात हो हत्या के अगले दिन ही संदेही को हिरासत में ले लिया था, जिससे पिछले चार दिनों से पूछताछ की जा रही थी। आखिरकार पुलिस ने मामले को सुलझाने में सफलता हासिल कर ली है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता प्रसाद बंजारे 42 साल निवासी ग्राम कांकेतरा, जो 29 मार्च को सिम्हांस मेंटल अस्पताल देवादा राजनांदगांव में मानसिक रोग के ईलाज हेतु भर्ती हुआ था। पुलिस के मुताबिक 9 अप्रैल को रात्रि करीबन 2 से 3 बजे के मध्य कामता प्रसाद बंजारे घायल अवस्था में अपने वार्ड में पड़ा हुआ था, जिसे ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव लेकर गए थे। जिसकी मृत्यु हो गई।

**आरोपी पर कार्रवाई**

साक्ष्य संकलन पूछताछ बाद मृतक कामता प्रसाद बंजारे की हत्या गला दबाकर आरोपी आत्माराम निर्मलकर 45 साल निवासी ग्राम संडी पंडरिया द्वारा करना पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, उपनिरीक्षक बलदाउ चंद्राकर, सहायक उपनिरीक्षक राजू मेश्राम, आरक्षक बिरेन्द्र मंडावी, मनोज हरमुख एवं समस्त स्टाफ सोमनी का सराहनीय व महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### वार्ड में ही पड़ा था शव

पुलिस के अनुसार मृतक को उसी वार्ड में भर्ती एक अन्य व्यक्ति द्वारा मारपीट कर उसकी हत्या किया गया है। हत्या के बाद सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा घटनास्थल निरीक्षण किया गया। मामले में संदेही को हिरासत में भी ले लिया गया था। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में प्रकरण में गहन विवेचना कार्रवाई की गई।




## अगले तीन दिन हीट वेव का अलर्ट, सेहत पर दिखने लगा असर

# पारा@43.5 डिग्री, देश के 5 गर्म शहरों में नांदगांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 72 घंटों के दौरान जिले के अधिकतम तामपान में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री पर जा पहुंचा है, जो न केवल प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा, बल्कि देश के भी टॉप पांच गर्म शहरों में राजनांदगांव का नाम दर्ज रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन हिटवेव के ही हालत बने रहने ही संभावना जताई है।

ऐसे में आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावनाएं कम है। मौसम में आए बदलाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। पानी की कमी, चक्कर आना और कमजोरी की शिकायतें बढ़ गई है। चिकित्सा विशेषज्ञ भी ऐसे समय में तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन की सलाह दे रहे हैं।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से मणिपुर तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश से मन्नार की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### स्कूलों में छुट्टी, बाजार में पसरने लगा सन्नाटा

दोपहर के समय तापमान अपने चरम पर पहुंच जा रहा है। जिसका सीधा असर बाजार पर देखने को मिल रहा है। शादी सीजन होने के बावजूद तेज धूप का असर खरीदारी पर दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। इधर बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने भी सोमवार से छुट्टी की घोषणा कर दी है।

### अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी का ट्रेंड

जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पर बना हुआ है। अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री का इजाफा देखने को मिल सकता है। वहीं प्रदेश में कल 17 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य क्षेत्र में एक-दो पैकेट्स में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। बस्तर संभाग के एक-दो जिलों में गरज-चमक संभव है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल की बढ़ी कीमत वापस ले सरकार: लोधी



**डोंगरगढ़**। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच सामान्य पेट्रोल की कीमतों में अचानक 1 रुपए से 1 रुपये 10 पैसे एवं प्रीमियम पेट्रोल में 3.8 प्रति लीटर लगभग वृद्धि कर दी गई है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन हकीकत यह है कि केन्द्र सरकार ने राहत का दिखावा कर जनता को गुमराह किया और चुपके से कीमतें बढ़ाकर नागरिकों, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का काम किया है। यह निर्णय पूरी तरह जनविरोधी और संवेदनहीन है। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता महंगाई की मार से पहले ही परेशान है, और अब चुपके से पेट्रोल के दाम बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर परिवहन, कृषि और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ेगा जिससे महंगाई और अधिक बढ़ेगी। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को उठाना पड़ेगा। श्री लोधी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों को वापस लेने की मांग की है।

### अवैध मुरुम खनन पर बढ़ा विवाद



**डोंगरगढ़**। ढारा में अवैध मुरुम खनन की शिकायत मिलने पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खनन गतिविधियों का जायजा लिया और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। विधायक बघेल ने कहा कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मुरुम खनन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता से यह स्पष्ट है कि कहीं न कहीं इन अवैध कार्यों को संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगना चाहिए। विधायक बघेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदर्शन किया जाएगा।

### नीरज विद्या मंदिर में अश्लेषा प्रथम



**डोंगरगांव**। नीरज विद्या मंदिर में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। परीक्षा में विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा अश्लेषा चक्रवर्ती ने 96.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकिता साहू ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और अर्हम जैन ने 90.20 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में माही बोरकर ने 89.20, पिंकी सिन्हा ने 88.60, आयुषी श्रीवास्तव ने 88.20, हिमांशी जैन ने 86.60, प्रियंशु साहू ने 86.40, आयुष सोनी ने 86.20, ऋषिका सोनकर ने 85, कोयना कुर्रे ने 84.20, गौरवी चंद्रवंशी ने 81.40, वृद्धि सलामे ने 80.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### डेढ़ करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत



**छुरिया**। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने विधायक भोलाराम साहू की अनुशंसा से लगभग 1 करोड़ 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं। जानकारी के अनुसार बेलरगोंदी में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, नादियाखुर्द में सामुदायिक भवन 10 लाख, सागर में सामुदायिक भवन 5.14 लाख, चिरचारीकला में सामुदायिक भवन 5.14 लाख, जोशीलमती में सामुदायिक भवन 5.14 लाख, धनगांव में सामुदायिक भवन, आमगांव कु. में चबुतरा निर्माण 9.91 लाख, टीन शेड निर्माण 5.28 लाख, जोब में चबुतरा निर्माण 9.91 लाख, खुर्सीटिकुल में तार फेंसिंग 4.56 लाख, दैहान में सामुदायिक भवन 5.14 लाख, आतरगांव में चबुतरा निर्माण 9.91 लाख, संबलपुर में चबुतरा निर्माण 9.91 लाख, गोड़लवाही में टीन शेड निर्माण 5.28 लाख, पांगरीखुर्द में चबूतरा निर्माण 9.91 लाख, साल्हेटोला में समतलीकरण 9.36 लाख, झाड़ीखैरी में टीन शेड 5.28 लाख, जयसिंगटोला में चबुतरा निर्माण के लिए 9.91 लाख की स्वीकृति मिली है।

### श्री विष्णु महायज्ञ 19 से

**डोंगरगढ़**। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वावधान में आगामी 19 से 21 अप्रैल तक उपनयन संस्कार, श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण तमनार में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लैलूंगा विधायक, वैष्णव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंती भाई वैष्णव , रामचंद्र वैष्णव, लखनदास वैष्णव, छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के अध्यक्ष पूरनदास वैष्णव, मुरलीशरण दास, अशोक दास वैष्णव, जानकी दास वैष्णव, लता रानी वैष्णव शामिल होंगे।

## धान बेचने में होगी सुविधा, आसानी से खाद-बीज खरीद सकेंगे किसान

# किसानों के लिए नई सोसाइटियों का शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम झाड़ीखैरी में बहुप्रतीक्षित सोसायटी का विधिवत उद्घाटन किया गया। सोसायटी के प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल थे। उन्होंने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को गांव के समीप ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस सोसायटी के प्रारंभ होने से किसानों को लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में तेजी आएगी। इस अवसर पर शिवा मिश्रा, पदम साहू, उज्जवल वैष्णव, ग्राम पटेल, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

धनगांव में नवीन सेवा सहकारी समिति के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगजीत सिंह भाटिया, विशेष अतिथि हिरदे राम देवांगन, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू थे। इस मौके पर श्री भाटिया ने बताया कि राजनांदगांव जिले में 43 नई समितियों की शुरुआत की गई है जिससे 11 समिति छुरिया विकासखंड में हैं। इस दौरान अनिता नंदे, लक्ष्मी मंडावी, पूनमबाई साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, चैनसिंह कंवर, जग्गुराम देवांगन, जीवराखन साहू, बिसोहा, डोमन पटेल, मोरध्वज ठाकुर, तीर्थ साहू, प्रमोद देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत आतरगांव में नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। इस मौके पर हिरेंद्र साहू, जनपद सदस्य भारती देवांगन मौजूद थी। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया। राजकीय गीत पश्चात सेवा सहकारी समिति का फीता काटकर उदघाटन किया गया। इस अवसर पर रजवंतीनबाई यादव, भालचंद साहू, सुनीता बखरे, हेमंत कौशल, अदली राम साहू, बिसेसर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**डोंगरगांव**। आसरा में नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित के शुभारंभ मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि सहकारी समितियों के विस्तार से किसानों को अब खाद, बीज, उर्वरक एवं अन्य आवश्यक कृषि सामग्री स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। इस अवसर पर खेमनलाल साहू, सतानंद दुबे, कुलेश्वर निषाद, शरद वैष्णव, अरुणाबाई, मुकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**तुमड़ीबोड़**। ग्राम मचानपार में सेवा सहकारी समिति मर्यादित के वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर टोपेन्द्र वर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। आयोजन में डोमेश्वर पटेल, पुनाराम साहू, गोपाल पटेल, हेमचंद साहू, सरपंच मूलचंद पदाम, खेमलाल पटेल, रूपेश यादव, तोखूराम साहू, तारस साहू, मन्नाराम साहू, चंद्रसेन श्रीवास, नारायण पटेल, हेमचंद साहू, देवादास साहू, धनेश साहू, बाबूलाल पटेल, मीनेश पटेल, हेमंत साहू, पवन साहू, नरेन्द्र साहू, तिजउ पटेल, पीताम्बर, रेवा साहू, खुमान साहू, सुरेन्द्र साहू, केजू वर्मा, भुनेश्वर जोशी, केशव बघेल, जिवराखन वर्मा, रेखा वर्मा, सोसायटी प्रबंधक खेमचंद वर्मा, छबिल निषाद, गोविंदा, पूर्णिमा, सेवक, हेमंत, राजा साहू, डामन, मनीष, विशाल, परउ पटेल, प्रताप पटेल, प्रभुराम पटेल, मदन, उमेश साहू, द्वारिका साहू, रतिराम, तुलसा साहू, नेमिन साहू, कुंती साहू, कमला साहू, ओमकुंवर, गुलाबदास बंधे, किशन पटेल, रमेश, होमलाल साहू, दिलीप पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### हजारों किसान होंगे लाभान्वित

**सड़क अतरिया**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानपुर नाका में सहकारी समिति का वर्चुअल उद्घाटन किया। मानपुर सहित क्षेत्र के लोग लंबे समय से सहकारी समिति की मांग कर रहे थे। पूर्व में किसानों को दस से 15 किमी का सफर कर गंड़ई जाना पड़ता था। सहकारी समिति गठित होने के बाद किसानों को स्थानीय स्तर पर बीज, खाद, नकद, बीमा आदि की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित भीखु हिरवानी ने साय सरकार को किसान हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव सुविधा मुहैया करा रही है। कार्यक्रम में लीलाराम साहू, धरमु पटेल, जीतम धनकर, बोधन मेरावी, प्रकाश जंघेल, केशलाल मंडावी, भुवन देवांगन, रमेश जंघेल, मुन्ना पटेल, मन्नू नेताम, राम प्रसाद, भवर सिंह, नेतराम वर्मा, जैनुल खान, रामशरण मेरावी, शिव पटेल, धनराज पटेल, रिंकु सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।



### सोसायटी शुरू होने से किसानों में उत्साह

**साल्हेवारा**। नवीन सोसायटी सहसपुर का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने किया। शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, शत्रोहन साहू, ललित सोनी, मनोज अग्रवाल, संतोष ठाकुर, सकुन यदु, गोपी बंजारे, पवार सिंह मेरावी, ओमलाल साहू, सुनीता साहू, आसमीर खान, ज्योति पटेल, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम, करण पटेल, संतोष पांचे, जीवन झारिया, ढाल सिंह धुर्वे, तुलाराम जंघेल, ताराबाई यादव, राजेश कुमार साहू, डॉ. हेमराज भीमटे, कमल मेरावी, हेमराज झरिया सहित अन्य मौजूद थे।







# जय भीम के नारे के साथ निकली शोभायात्रा

## बौद्ध विहार में हुआ परित्राण पाठ, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संविधान वेत्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। जय भीम के नारो के साथ बौद्ध अनुयायियों ने बाबा साहेब के आदर्शों एवं उनके जीवन पर आधारित झांकी का प्रदर्शन किया।

पंथी नृत्य के साथ बाबा साहेब के गीतों पर नाचते झुमते लोगों ने शोभायात्रा निकाला। जयंती के मौके पर सुबह बौद्ध बिहार कालकापारा में तथागत भगवान बुद्ध और बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने परित्राण पाठ कर नमन किया गया। जयंती के एक दिन पहले विशाल मोटर सायकल रैली का आयोजन किया गया। बाबा साहेब के जयकारे के साथ शहर का भ्रमण किया गया। स्थानीय तहसील कार्यालय स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के सामाजिक संगोष्ठी का आयेजन हुआ जिसमें राजनीतिक, सामाजिक लोगों ने हिस्सा लिया। साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उपस्थित जनों ने पुष्पाजंलि अर्पित किया। शाम आदर्श बौद्ध महासभा के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई जो कालकापारा, सतबहनी मार्ग होते हुए जयस्तंभ चौक, गोलबाजार, जैन मंदिर, बुधवारी रोड, रेल्वे चौक, खंड़ुपारा होते हुए पुनः कालका पारा पहुंची। शोभायात्रा का जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं नवाज खान की उपस्थिति में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान आदि ने शरबत वितरण किया। इसी क्रम में पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे आदि ने उपस्थिति दर्ज कराया। इस दौरान रामनरेश गौतम, धीरज मेश्राम, तरूण हत्थेल, जस्मित सिंग बन्नोआना, सुनील नागदौने, उमा महेश वर्मा, सरफु खान, अमीत जैन, मुन्नालाल नंदेश्वर, विनय बंसल, हरीश भंडारी, सत्यप्रकाश मिश्रा, अकाश राजपुत, किरण मेश्राम, हिमांशु सेन, शैलेन्द्र डोंगरे, मिलिंद टेम्भुलकर, विष्णु लोधी, संजू गुमास्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# गली किनारे स्थित कुएं से खतरा, सुरक्षा घेरा की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार के वार्ड क्रमांक चार पांच में गली किनारे स्थित कुंआ में दुर्घटना की आशंका बनी है। समय रहते ध्यान देना आवश्यक हो गया है। यह कुंआ गली से एकदम किनारे है जिसमें आहता भी नही है। वार्डवासियों ने बताया कि दिन भर यहां से लोगों का आना जाना लगा रहता है। छोटे बच्चे भी खेलते रहते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात में जोखिम और बढ़ जाता है। लोगों ने बताया की सुरक्षा कि दृष्टि से कुंआ में घेरा लगाने की मांग लम्बे समय से कर रहें हैं पर अब तक पंचायत प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहें हैं।

पानी से भरा है गहरा कुंआ- तेज गर्मी में गांव सहित पुरे क्षेत्र में लगातार जल स्तर में गिरावट देखा जा रहा है। परन्तु ऐसी स्थिति में भी इस कुंआ में पर्याप्त पानी भरा हुआ है। कुंआ का उपयोग नहीं होने से जीर्ण अवस्था में पड़ा है। अगर कुंआ का साफ सफाई एवं पानी में दवा डालकर उपयोग में लाया जाये तो इस मोहल्ले के लिए यह कुंआ जल आपूर्ति का बेहतर साधन बन सकता है। तथा विपरीत समय में यह पानी की समस्या से निजात दिला सकता है।

### प्रस्ताव कर सुरक्षा घेरा लगाया जाएगा

ग्राम पंचायत के सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने लोगों की मांग एवं समस्या को संज्ञान में लेकर पंचायत प्रस्ताव पारित कर कुंआ में सुरक्षा घेरा लगवाने तथा उसके पानी को उपयोगी बनाने की बात कही है।

# ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा 27 को खुलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर मंडीप खोल गुफा इस वर्ष 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में भक्तों और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है।

यह प्राचीन स्थल ठाकुरटोला जमींदारी की अमूल्य विरासत है, जहां अक्ति पर्व के बाद आने वाले पहले सोमवार को पारंपरिक रूप से गुफा का पट खोला जाता है। परंपरा के अनुसार 21 लोगों का एक दल पहले प्रवेश कर बांस के सहारे ऊपर पहुंचकर पूजा-अर्चना करता है, जिसके बाद श्रद्धालुओं को दर्शन करने की अनुमति दी जाती है। इस वर्ष भी जमींदार रोहित सिंह पुलस्त्य के नेतृत्व में पूजा के बाद गुफा के अंदर पूजा स्थल का पट आमजनों के लिए खोला जाएगा।

### पहाड़ी रास्ते

मंडीप खोल तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ता है। रास्ते में एक नदी को करीब 16 बार पार करना पड़ता है। गुफा के अंदर अंधेरे के कारण मोबाइल टॉर्च या अन्य रोशनी की व्यवस्था करना होता है। यहां विराजमान भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।



### क्षेत्रवासियों ने की प्रशासन से मांग

क्षेत्रवासियों ने मेला अवधि में मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। ठाकुरटोला से लेकर मेला स्थल तक 4–5 स्थानों पर मेडिकल कैंप लगाने की जरूरत बताई गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल इलाज मिल सके। पर्यटकों की सुविधा के लिए मंडीप खोल जाने वाले मार्गों पर सड़क मरम्मत, लाइनिंग और दिशा-सूचक बोर्ड लगाने की मांग की गई है, जिससे बाहरी श्रद्धालुओं को रास्ता ढूंढने में परेशानी न हो।

### समुचित पेयजल की मांग

मेला समिति ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से पूरे क्षेत्र में 8 से 10 स्थानों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। हर साल बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन से अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने की मांग की गई है। मेला समिति ने बताया कि अब स्वयं की व्यवस्था पर्याप्त नहीं रह गई है।

### जंगल क्षेत्र में सफाई

वन विभाग से मेला मार्ग और आसपास के जंगलों में सफाई, पेड़ों की देखरेख और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई है, ताकि आने-जाने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मंडीप खोल का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन मिल सके।

### केंद्रीय विद्यालय में जूही प्रथम



**डोंगरगढ़**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वी का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बेलगांव निवासी शर्मा परिवार में खुशी का माहौल देखने मिला। इस परिवार की बिटिया ने स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा जूही शर्मा ने 94.06 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूही बेलगांव निवासी दीपक शर्मा एवं शिक्षिका हेमलता शर्मा की सुपुत्री है। छात्रा को प्राचार्य एसआर खूजुर, कक्षा शिक्षिका चंद्रप्रभा वर्मा आदि ने बधाई दी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नेट परीक्षा में अविनाश टेम्भुरकर कामयाब



**डोंगरगढ़।** महाविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व छात्र अविनाश टेंभुरकर ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल किया है। अविनाश टेंभुरकर ने 2019-20 में एमए इतिहास की परीक्षा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की प्रवीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया था। वह वर्तमान में जनभागीदारी समिति के सदस्य हैं। अविनाश की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, डॉ. आशा चौधरी, एवलाल मेश्राम सहित अन्य ने बधाई दी है।

### मेढ़ा में मनी जयंती



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मेढा में डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में दीपक साखरे, संतोष धमगये, उमाशंकर बोदेलकर, जितेंद्र बाघमारे, दिनेश टेंम्बुकर, संतोष अम्बादे शामिल हुए। प्रमुख अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़पे थे। इस दौरान जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, सरपंच अमिलाबाई देवांगन, चंद्रकुमार देवांगन, रामकृपाल चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री कोड़पे ने अहाता निर्माण, नलकूप खनन एवं ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को स्वीकृति दी।

### शिशु मंदिर में समर क्लास का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में



बच्चों के विकास के लिए निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश, संगीत, कंप्यूटर क्लासेस 15 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। इस क्लास में कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक विद्यार्थी शामिल हो सकते है। वर्तमान में 75 विद्यार्थी इस क्लासेस का लाभ उठा रहे हैं। समर क्लास को सफल बनाने के लिए पूरा विद्यालय परिवार जुटा है। शुभारंभ के मौके पर प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव ,ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम

### श्यामलाल- चित्ररेखा महोबिया का निधन



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ बरई तंबोली समाज के संगठन मंत्री श्याम लाल महोबिया एवं उनकी धर्मपत्नी चित्ररेखा महोबिया निवासी बधियाटोला का निधन 15 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बधियाटोला मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### प्रशिक्षण की गुणवत्ता सहित तैयारियों की समीक्षा

# जनगणना 2027 प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जनगणना प्रशिक्षकों व मास्टर ट्रेनर्स से चर्चा कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता सहित तैयारियों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है बल्कि यह शासन की विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियांवयन का आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करने कहा। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्होने जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही भराव, घर-घर जाकर जानकारी संकलन व डिजिटल एंट्री से संबंधित जानकारी ली।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी तकनीकी पहलुओं को स्पष्ट रूप से समझाया जाए ताकि मैदानी स्तर पर किसी प्रकार की त्रुटि न हो।



#### तीन बैच में होगा प्रशिक्षण

जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 24 अप्रैल तक चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जा रहा है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 19 से 21 और तृतीय बैच का 22 से 24 अप्रैल तक होगा। जनगणना कार्य अंतर्गत 16 से 30 अप्रैल तक स्वगणना का कार्य किया जाएगा, जबकि 1 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य संचालित होगा। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान कर सही जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि शासन को योजनाओं के बेहतर क्रियांवयन में सहायता मिल सके।

# हर्षोल्लास एवं जश्न के साथ मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

### निकला जुलूस और रात्रि में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर नगर में जिला बौद्ध समाज के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में जिले के बौद्ध धर्मावलंबियों ने भाग लिया।

जुलूस में आगे-पीछे बज रहे धमाल की थाप पर लोग झूमते हुए डॉ. अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाते चल रहे थे। जगह-जगह मिठाई, शरबत एवं ठंडे पेय का वितरण किया गया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

रात्रि में पूनम तिवारी एवं दिव्या तिवारी द्वारा संचालित रंग छत्तीसा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। मौहा गिरे रे गीत पर दर्शक झूम उठे और देर रात तक कार्यक्रम चलते रहा। अंत में जिला बौद्ध समाज के अध्यक्ष संतोष कामड़े ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महेश नारकर, नारायण कामड़े, सन्नी सिंह, शुभम अग्रवाल, आशु खान, सुरेश कामडे, विलास वैद्य, रवि बसोड़, नवीन जैन, टीकम सिन्हा शिवा सहित अन्य शामिल हुए।

#### अंबेडकर सर्व समाज के हितैषी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज के हितैषी थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत को संविधान दिया और देश के पहले कानून मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि डॉ. अंबेडकर संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। 29 अगस्त 1947 को गठित इस समिति ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान तैयार किया, जिसे 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। उन्होंने समाज को समानता का अधिकार दिलाया और न्यायपूर्ण व्यवस्था की नींव रखी। इस मौके पर संजय, नवनीत सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रेम नारायण चंद्राकर, मनोज चौबे, विक्रांत चंद्राकर, कोसन कोसरे, ज्ञान यादव, भावेश आदि उपस्थित थे।

# शराब परिवहन करते आरोपी पर कार्रवाई, प्रयुक्त मालवाहक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



नर्मदा क्षेत्र लगातार अवैध शराब की बिक्री सामने आ रही। जिस पर कार्रवाई के बाद भी शराब कोचिए बाज नहीं आ रहे हैं। बुधवार को गंड़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत चकनार नर्मदा में विभाग ने एक आरोपी को शराब लाते रंगे हाथ पकड़ कर कार्रवाई किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिला कि एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 08 ए यु 4010 में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए पैलीमेटा से नर्मदा की ओर आ रहा है। सूचना पर थाना स्टाफ द्वारा शासकीय वाहन के साथ ग्राम मानपुर नाका के पास नाकाबंदी कर उक्त वाहन को रोका गया एवं तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान वाहन में लाल रंग के थैले में कुल 28 पौवा देशी प्लेन शराब, कुल मात्रा 5.04 बल्क लीटर मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 2520 है। तथा वाहन को जप्त किया गया है। विभाग ने आरोपी अशोक कुमार सिन्हा पिता पल्टन सिन्हा के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

#### बड़ी कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीण क्षेत्र में लगातार शराब की अवैध बिक्री बढ़ते जा रही है। शराब कोचियों बिना डर के अपना अवैध धंधा चला रहे हैं। गांव गांव में शराब बिक्री होने से क्षेत्र में अपराध एवं दुर्घटना का ग्राफ भी बढ़ रहा है। जानकारी अनुसार चकनार, खैरा, नवापारा, सड़क अतरिया, नर्मदा, पंडरिया, गुमानपुर, मानपुर आदि गांव में शराब कोचियो के हौसला बुलंद हैं। जिन पर बड़ी कारवाई नहीं होने से शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# व्याख्याताओं का भिलाई में प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ के अनेक पीएमश्री स्कूल अंतर्गत अध्यापन कार्य कर रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के क्षमता विकास एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के साथ छत्तीसगढ़ के 148 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिसमें राजनांदगांव से पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल राजनांदगांव से आस्था वैष्णव व्याख्याता रसायन, पीएमश्री सेजेस छुरिया से विवेक देवांगन व्याख्याता भौतिक विज्ञान, पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव से आकांक्षा सिंह व्याख्याता भौतिक विज्ञान, पीएमश्री सेजेस डोंगरगढ़ से दीपशिखा बावनकर व्याख्याता भौतिक विज्ञान ने हिस्सा लिया। पीएमश्री स्कूल में सेवाएं प्रदान कर रहे शिक्षकों को भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्यभर से 148 शिक्षकों का प्रशिक्षण आईआईटी भिलाई में आयोजित हुई है। जिसमे शिक्षकों को सिक्योरिटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब श्रीडी प्रिंटर, नेचर लैब, कक्षा संचालन के तरीके सिखाए गए।

#### शिक्षा नीति को प्रभावी बनाने पहल

भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना और देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएमश्री स्कूल, अन्य स्कूलों के लिए रोल मॉडल होंगे, ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता लाई जा सके, जहां डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल और कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। परीक्षा आधारित शिक्षा से हटकर प्रयोगात्मक और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना।

# बघमर्रा में नवीन सोसाईटी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा



ग्राम बघमर्रा में बहुप्रतीक्षित सोसायटी का विधिवत उद्घाटन किया गया। सोसायटी के प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दीनदयाल सिन्हा, श्रीमती जंत्री साहू, फिरनलाल वर्मा, सुनीता वर्मा, सरपंच, अनुपलाल वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, गयाराम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा पवनतरा सरपंच, प्रदीप भालेकर, खिलेश साहू समिति प्रबंधक जालबांधा, नरेश यादव, कमलेश वर्मा, संपत साहू, जगेश्वर वर्मा, गैंदलाल वर्मा, भुवन वर्मा, हरक राम एवं समस्त ग्रामवासी एवं सहकारी समिति जालबांधा एवं बघमर्रा के समस्त स्टाफ मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को गांव के समीप ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस सोसायटी के प्रारंभ होने से किसानों को लाभ मिलेगा और कृषि कार्यों में तेजी आएगी।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच मनी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़


संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती शहर में बौद्ध समाज ने हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम, रैली व सांस्कृतिक आयोजन हुआ।

13 अप्रैल की मध्यरात्रि अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा समक्ष जन्मोत्सव मनाने के बाद 14 अप्रैल की सुबह 10 बजे दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार से विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो अमलीडीह, सोनेसरार, इतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, राज फैमिली चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। रैली के समापन पर डॉ. नागेश सिमकर के नेतृत्व में उपस्थित जनसमूह को शीतल पेय वितरित किया गया। इसके पश्चात उपासक-उपासिकाओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना, पंचशील व त्रिशरण का पाठ किया। शाम 5 बजे दाऊचौरा बुद्ध विहार से पैदल रैली निकली जिसका विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। तुरकारी पारा में सारथी समाज द्वारा फल वितरण व पेयजल की व्यवस्था की गई, जिसमें चंद्रप्रकाश सारथी, मंगल सारथी, पूरन सारथी, यादव सारथी सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं मस्जिद रोड पर मुस्लिम जमात के लोगों ने शरबत पिलाकर सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान नासिर मेमन, अयूब सोलंकी, राजा सोलंकी, इमरान मेमन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अंबेडकर चौक पहुंचकर आतिशबाजी के साथ जयंती उत्सव का समापन हुआ।



#### विधायक ने दिया सात लाख

सिविल लाइन स्थित प्रस्तावित सामाजिक भव समक्ष मंचीय कार्यक्रम का विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज, नीलांबर वर्मा, समाज संरक्षक मधुकर चोखान्दे, अध्यक्ष उत्तम बागड़े, पूर्व अध्यक्ष भोजराज ऊके, डॉ. मकसूद अहमद मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सहारे ने किया। विधायक यशोदा वर्मा ने समाज को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बौद्ध समाज को मिली भूमि पर भवन निर्माण के लिए निधि से 7 लाख रुपये देने की घोषणा की। डॉ मकसूद अहमद, डॉ. अरुण भारद्वाज ने शिक्षा को समाज के उत्थान का आधार बताते हुए नई पीढ़ी को शिक्षित व जागरूक बनाने का आह्वान किया। बच्चो की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई, जिन्हें विधायक ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर माखन भीमटे, अनुराग, वायआर पाटिल, मंसाराम, अनिल सहारे, पवन सहारे, विमल बोरकर, अनीता बोरकर, लावण्या बोरकर, बुद्धि भाग्यश्री बोरकर, दुर्गा मेश्राम, निवेदिता बोमले, सपना गणवीर, महिला अध्यक्ष कविता नागदेवे, छाया चौरे, सुरेश चौरे, मुस्कान चौरे, भरत वानखेड़े, शशि रामटेके, नीतू रामटेके, सुरेंद्र मेश्राम, राजकुमार बोरकर,देवेंद्र नगदेवे, स्वीटी वालदेकर, अनीता ऊके, ज्योतेस मेश्राम, अनामिका मेश्राम, पूजा बंसोड, समाधान सिरसाठ, गगन गणवीर सहित बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।



## सार समाचार

### विस अध्यक्ष ने पोर्टल पर भरी अपनी जानकारी

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना पोर्टल पर अपना फॉर्म भरकर डिजिटल जनगणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने अपने आवास से ऑनलाइन माध्यम से मकान-सूचीकरण से संबंधित सभी विवरण दर्ज किए और



जनता से अपील की कि वे भी निर्धारित अवधि के भीतर स्व-गणना कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जनगणना भविष्य की प्रशासनिक योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सटीक डेटा से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों, मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यक्रमों के लिए मजबूत नीतियां तैयार की जा सकती है। उन्होंने इसे नागरिकों का सहभागी दायित्व बताया और कहा कि स्व-गणना में लोगों की बढ़ती भागीदारी जिला एवं राज्य को अधिक सक्षम बनाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे 16 से 30 अप्रैल के बीच स्व-गणना फॉर्म भरें और जनगणना 2027 में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करें।

### जयंती पर एआई व कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर

**राजनांदगांव।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर छात्र युवा मंच द्वारा युवाओं एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 14 अप्रैल से 1 मई तक संचालित होगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समीर गजभिये ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों को स्मरण करते शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "शिक्षा वह शक्ति है। जिससे व्यक्ति अपने जीवन को बदल सकता है और समाज में समानता स्थापित कर सकता है।" यह शिविर बीएमबी एडुकॉम, तथागत पीएससी ट्यूटोरियल्स, राजनांदगाव में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आधुनिक तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ डिजिटल युग में आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगार के योग्य बनाना है। आयोजक संस्था छात्र युवा मंच ने इच्छुक विद्यार्थियों एवं युवाओं से इस प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

### निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

**राजनांदगांव।** परशुराम जयंती पर श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज एवं महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष विजय पटाक एवं डॉ. साधना तिवारी के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं रक्तदान शिविर आगामी 18 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक परशुराम मार्ग परशुराम भवन बिजली ऑफिस के सामने राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में डॉ. चिन्मय डाकलिया, डॉ. निखर जैन, डॉ. मयंक जैन, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. रोमिल जैन, डॉ. उत्सवी जैन, डॉ. श्वेता श्रोती, डॉ. रंजिता पारख, डॉ. अनिरुद्ध गांधी, डॉ. मंजरी गांधी, डॉ. प्रशांत कोठारी, डॉ. नूपुर सरकार, डॉ. नितेश शामिल रहेंगे।

### निःशुल्क केवाईसी शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 39 में महतारी वंदन योजना के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए पार्षद रवि सिन्हा द्वारा 13 अप्रैल को एक निःशुल्क केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्डवासियों, विशेषकर माताओं एवं बहनों की सुविधा को ध्यान में रखते आयोजित किया गया, ताकि उन्हें केवाईसी प्रक्रिया के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। यह शिविर नागेश्वर मंदिर परिसर वार्ड नं. 39 में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने योजना का लाभ उठाया। शिविर में कर्मियों द्वारा हितग्राहियों का केवाईसी कार्य सरल एवं त्वरित तरीके से पूर्ण किया गया।

पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचे, इसके लिए वार्ड स्तर पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन लगातार किया जाएगा। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित हों। आवश्यक दस्तावेजों में पंजीयन आईडी, आधार कार्ड एवं ओटीपी प्राप्त करने हेतु मोबाइल फोन शामिल रहे।

### संत शिरोमणि सेन जयंती पर भव्य आयोजन

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा संत शिरोमणि सेन समाज की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि सेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने उनके जीवन, त्याग, सेवा और समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत सेनजी ने समाज में समरसता, सेवा और सद्भाव का महत्वपूर्ण संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि संत सेनजी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते आयोजन को जीवंत बना दिया। पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा।

## सीबीएसई का रिजल्ट घोषित, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

# सीबीएसई दसवीं बोर्ड में ओजस जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 15 अप्रैल को कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। जिसमें शहर के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी घोषित हुए। जिससे छात्रों में खुशी की लहर व्याप्त हो गई।

### युगांतर पब्लिक स्कूल

सीबीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित हुए। जिसमें युगांतर का परिणाम सर्वोत्कृष्ट




रहा। इन घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। 95 प्रतिशत से अधिक 6, 90 से 95 प्रतिशत के बीच 17, 85 से 90 प्रतिशत के बीच 22, 80 से 85 प्रतिशत के बीच 15 विद्यार्थी रहे। 138 बच्चों में 74 बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर नया कीर्तिमान रचा। 118 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के छात्र ओजस श्रीवास्तव 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर राजनांदगांव जिले में प्रथम रहे। इसके अलावा यशस्वी रात्रे 97.4 प्रतिशत, संगम संजय संभरकर 97.4 प्रतिशत, ईशानवी सारडा 96.8 प्रतिशत, श्रेष्ठ चतुर्वेदी 96.6 प्रतिशत, सक्षम जैन 95.6 प्रतिशत, अन्वी शर्मा 94.6 प्रतिशत, साकेत जिंदल 94.6 प्रतिशत, आहना उइके 94 प्रतिशत, इरिष अरूण अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, शौर्य अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, तनिषा जैन 93.8 प्रतिशत, मनन अग्रवाल 93.4 प्रतिशत,पारूल मेश्राम 92.6 प्रतिशत, उमंग छेल्के 92.4 प्रतिशत, जानवी लाल 92.4 प्रतिशत, कुणाल मोटवानी 92 प्रतिशत, तनिष्क अग्रवाल 90.8 प्रतिशत, ऋतिका चतुर्वेदी 90.6 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 90.2 प्रतिशत, चैतन्या बुद्धरत्ना सहारे 90.2 प्रतिशत, लारेन्स सिंह 90.2 प्रतिशत, आस्था बंजारे 90 प्रतिशत, वीर बैद 90 प्रतिशत का भी उत्कृष्ट रिजल्ट रहा।

इस अवसर संस्था के प्राचार्य, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

### एनबीआईएस बोरी

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सीबीएसई बोर्ड दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में शाला से 191 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें शाला के 23 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक, 46 छात्र 80 प्रतिशत तथा 48 छात्र 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शाला की छात्रा निशी बजाज ने 97.4 प्रतिशत के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 97.2 प्रतिशत हितेश चितलांगिया, 96 प्रतिशत भव्य पटेल, 95.8 प्रतिशत हितांश अग्रवाल, 94.8 प्रतिशत अनुष्का साहू, 94.6 प्रतिशत कृतिका जुगनार, मेहुल पाल व स्तुति सार्वा, 94.4 प्रतिशत याना साहू, 94.2 प्रतिशत महक शर्मा व अनुष्का बैद, 93.4 प्रतिशत अभिनव गुप्ता, 93 प्रतिशत शिवांगी गुप्ता, 92.2 प्रतिशत नित्या जैन, 91.8 प्रतिशत अनामिका सिंह व साक्षी वैष्णव, 91.6 प्रतिशत सतीश साहू, 91 प्रतिशत पलक साहू, 90.8 प्रतिशत हर्शिनी ठक्कर, 90.6 प्रतिशत यानी मोदी व सुमेरा खान, 90.2 प्रतिशत सुमेधा श्रीवास्तव व 90 प्रतिशत भूमि आहुजा



ने प्राप्त किए। शाला के भव्य पटेल ने गणित में, हितेश चितलांगिया अंग्रेजी में तथा हिमांश अग्रवाल ने आईटी में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शाला परिवार द्वारा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देते कहा कि जीवन में परीक्षा होना आवश्यक है। परीक्षा द्वारा ही हमें अपनी क्षमता का ज्ञान होता है। सफलता प्राप्त करने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण आवश्यक है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व आफिस कर्मचारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### संस्कारसिटी इंटर नेशनल स्कूल



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जिससे संस्थान में हर्ष का वातावरण है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि विद्यालय का भी नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में शिवानी मरकाम ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिशा कश्यप ने 93 प्रतिशत तथा ईशा नागेश और भाविनी चौहान ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य रेखा तिवारी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने प्रतिबद्ध है। प्रबंधन समिति के सदस्य अतुल देशलहरा एवं आदित्य अग्रवाल ने इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन को इस सफलता का प्रमुख आधार बताते दूरभाष के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भाजपा महिला मोर्चा की उत्तरमंडल की शैल और दक्षिण की मधु बनीं अध्यक्ष

## ग्रामीण पूर्व कनक व पश्चिम गायत्री बनी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा महिला मोर्चा संगठन के मंडल स्तर पर अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है।

यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, महामंत्री पवन साय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वीभा अवस्थी के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गायकवाड़ के द्वारा 15 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा राजनांदगांव मंडल में सुश्री शैल यादव, दक्षिण मंडल श्रीमती मधु बैद, ग्रामीण पूर्व श्रीमती कनक दुबे, ग्रामीण पश्चिम श्रीमती गायत्री साहू, डोंगरगढ़ शहर श्रीमती लक्ष्मी यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण श्रीमती दुर्गेश्वरी



विश्वकर्मा, घुमका श्रीमती नूतन साहू, तिलई श्रीमती पुनीता साहू, डोंगरगांव श्रीमती एलनबाई साहू, अर्जुनी श्रीमती ममला पटेल, तुमड़ीबोड़ श्रीमती मेघा साहू, मुसरा मुरमुंदा श्रीमती रामेश्वरी साहू, लालबहादुर नगर श्रीमती पुष्पा सिन्हा, छुरिया श्रीमती राधिका चंद्रवंशी, कुमरदा श्रीमती चित्ररेखा साहू, गैंदाटोला श्रीमती हीना शिण्डे अध्यक्ष नियुक्त किए गए है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाईयां प्रेषित की है।

### जिला पदाधिकारियों के नाम

पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पारूल जैन, वर्षा गेड़ाम, मधुसुकृत साहू, तेजमाला देशमुख, नेहा जैन, संध्यादेवी चंद्रवंशी, मीना यादव। महामंत्री- भेषबाई साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, मंत्री- राजेश्वरी साहू, संगीता मिश्रा, सीता वैष्णव, अल्का सहारे, सुभाषिनी शिवसागर, कुमारी देवांगन, आभा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष- हीना मंगल जैन, सहकोषाध्यक्ष बेलाबाई साहू, मीडिया प्रभारी वेणु सूर्यवंशी, सह मीडिया प्रभारी महेश्वरी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी मालती उइके, सोशल मीडिया सह प्रभारी मंजू सोनी , मन की बात प्रभारी आरती शर्मा, प्रवक्ता उन्नति तिवारी, बूथ मित्र प्रभारी महेश्वरी गंजीर, सह प्रभारी संध्या पांडे, कार्यालय प्रभारी सविता बोस, सांस्कृतिक प्रभारी संगीता मानिकपुरी नियुक्त किए गए है।

# अंडरब्रिज शीघ्र पूरा करने की मांग, घेरा प्रबंधक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेशनपारा और गौरीनगर क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग पर बना रहे अंडरब्रिज निर्माण में हो रही देरी से पटरीपार क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को गौरीनगर वार्ड के पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में गौरीनगर, स्टेशनपारा और चिखली क्षेत्र के लोगों ने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय का घेराव करते यहां शीघ्र अंडरब्रिज निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने मांग की।

1 अप्रैल वर्ष 2023 में स्टेशनपारा अंडरब्रिज निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस निर्माण कार्य को 1 वर्ष के भीतर पूर्ण हो जाना था, लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी यहां का निर्माण कार्य अब तक अधूरा है और लगभग 40 प्रतिशत ही काम दिखाई देता है। वहीं गौरीनगर अंडरब्रिज निर्माण कार्य भी महीनों से बंद पड़ा हुआ है। जिसको लेकर पटरीपार क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

रेलवे स्टेशन प्रबंधन कार्यालय का घेराव करने पहुंचे वार्ड पार्षद हफीज खान ने कहा कि अंडरब्रिज निर्माण कार्य लगभग 3 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था, लेकिन अभी तक उसका निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को समस्या हो रही है। गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग से 4-5 गाड़ी पार करने के बाद क्रॉसिंग खोला जाता है। उन्होंने अपने प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी देते कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### 13 वार्ड के लिए सिर्फ तीन रास्ते

शहर के पटरीपार क्षेत्र में 13 वार्ड हैं, जहां एक बड़ी आबादी निवास करती है। अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने और स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने से 3 वर्षों से यहां के लोग काफी समस्या से जूझ रहे हैं। आवागमन के लिए इस क्षेत्र से गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग, ओवरब्रिज और मोतीपुर रेलवे अंडरब्रिज ही रास्ता है। ऐसे में ओवरब्रिज पर जाम लगने के चलते मोतीपुर अंडरब्रिज और गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग पर भी काफी भीड़ हो जाती है। जिससे इस क्षेत्र में आवागमन ठप पड़ जाता है।

### पेंशनर संघों ने किया छग पेंशनर फोरम का गठन

## चंद्रिका प्रांतीय संयोजक व जयनारायण बने संरक्षक

**राजनांदगांव।** राजधानी में प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघों के प्रांत अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सभी



संघ ने एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम गठित करते लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष चंद्रिका सिंह को सर्वसम्मति से प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर और आरके थवाईत प्रांत अध्यक्ष छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ को फोरम के उप प्रांतीय संयोजक बनाया गया।

छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष ओपी शर्मा को प्रांतीय महामंत्री, जयनारायण श्रीवास्तव प्रांत अध्यक्ष राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ को संरक्षक बनाने के साथ ही अनिल शुक्ला प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा को प्रमुख सलाहकार और विद्याभूषण दुबे को प्रांतीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया। बैठक में वीरेंद्र नामदेव प्रांत अध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ द्वारा पेंशनर फोरम गठन पर असहमति जताई गई। इस पर फोरम के प्रांतीय संरक्षक जयनारायण श्रीवास्तव द्वारा श्री नामदेव को उनके निर्णय पर पुनर्विचार करने का समय दिया गया।

# नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ



■ 722 किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

"सहकारिता से समृद्धि" योजना के अंतर्गत जिले में 43 नई पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी) समितियों का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से किया गया। इसी क्रम में ग्राम आरला में नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में किसानों से संगठित होकर सहकारिता के माध्यम से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। प्राधिकृत अधिकारी लीलाधर साहू ने बताया कि वृहताकार सेवा सहकारी समिति आरला का पंजीयन क्रमांक 1246 है। जिसमें ग्राम आरला के 195, बुचीभरदा के 144 एवं मोखला के 383 किसान सदस्य हैं। इस प्रकार कुल 722 किसान इससे जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू ने किसानों को बधाई देते इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं ग्राम पंचायत आरला की सरपंच साधना राहुल साहू ने सभी को शुभकामनाएं देते ग्राम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा किसानों का श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मानित किसानों में कनक साहू, नारायण साहू, शरदराम साहू, शत्रुहनलाल साहू, अनिरुद्ध, रेखालाल, जसवंत मोहित, कुलदीप साहू सहित अन्य शामिल रहे।

# जनगणना कार्य में अनुपस्थित आयुक्त ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ में जनगणना 2026-27 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य 1 से 30 मई के मध्य प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। उक्त कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए सर्वेश्वरदास स्कूल में 15 से 17 अप्रैल 2026 तक एवं 20 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रथम चरण के प्रशिक्षण 15 अप्रैल से फिल्ड ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है।

### 24 घंटे में मांगा जवाब

कल 15 अप्रैल तथा आज 16 अप्रैल को अनुपस्थित कर्मचारियों को कार्य में उपस्थित नहीं होने पर जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुरूप नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर जनगणना अधिनियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बीयर व शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल द्वारा पुलिस स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। 16 अप्रैल को पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिद्दो निवासी बरेलाल सिन्हा अपने होटल में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

**सूचना पर पुलिस ने दी दबिश**

सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से एक थैला में 4 बीयर बोतल एवं 14 पाव देशी, अंग्रेजी शराब तथा बिक्री रकम 500 रुपए सहित कुल 2770 रुपए जब्त किया गया।

## चक्काजाम के दौरान नायब तहसीलदार के साथ धक्का-मुक्की

# प्रशासनिक संघ ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम सिंघोला में सड़क हादसे के बाद हुए चक्काजाम के दौरान कानून व्यवस्था के तहत ड्यूटी पर तैनात तहसीलदार के साथ स्थानीय लोगों द्वारा धक्का-मुक्की किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में अब छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा दोषियों पर कार्रवाई और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया है।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बीते 15 अप्रैल की रात्रि सिंघोला बालोद रोड में हुए सड़क हादसे के बाद उत्पन्न जनाक्रोश और चक्काजाम की स्थिति को नियंत्रित करने कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु नायब तहसीलदार राकेश नागवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर उपस्थित थे। कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्रदर्शनकारियों के बीच मौजूद कुछ राजनीतिक तत्वों, विशेषकर कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी एवं उनके समर्थकों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ न केवल तीखी बहस की गई, बल्कि शासकीय कार्य में बाधा डालते श्री नागवंशी के साथ अमर्यादित व्यवहार, धक्का-मुक्की और अभद्रता की गई है। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने इस पर आपत्ति जताते कहा कि उक्त घटना अत्यंत निंदनीय है। इससे प्रशासनिक तंत्र की गरिमा को गंभीर आघात पहुंचा है।



### उचित सुरक्षा प्रदान करने मांग

कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सेवा संघ द्वारा मांग की गई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु मैदानी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को उचित सुरक्षा प्रदान किया जाए। वहीं पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया जाए कि भविष्य में कानून-व्यवस्था में तैनात किसी भी स्थिति में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिए आवश्यक सुरक्षा एवं तत्काल हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जाए। वहीं लापरवाही पाए जाने पर उनकी जवाबदेही तय की जाए।

### एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के लिए ज्ञापन

संघ द्वारा मांग की गई है कि प्रथम दृष्टया यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 186 लोक सेवक के कार्य में बाधा का है, लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने हेतु चोंट पहुंचाने, अशांति एवं आपराधिक धमकी का मामला है, जो दंडनीय है। उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत संज्ञेय अपराध होने के कारण तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है।



## खबर संक्षेप

### कवर्धा की बेटी अनवेशा बोथरा ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले की अभ्युदय स्कूल के प्रतिभावान छात्रा अनवेशा बोथरा ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। छात्रा अनवेशा बोथरा ने परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विशेष उपलब्धि यह रही कि उन्होंने गणित विषय में 100 में से 100 अंक हासिल कर अपनी मेधावी क्षमता का प्रदर्शन किया है। अनवेशा बोथरा पिता सुचित बोथरा व उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं परिजन अत्यंत गौरवान्वित हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अनवेशा की सफलता को उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम बताया है। छात्रा अनवेशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं विषयों की गहराई से समझ बनाने पर विशेष ध्यान देने से उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने यह भी कहा कि कठिन विषयों को समझने के लिए लगातार अभ्यास करना उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। अनवेशा ने भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की इच्छा व्यक्त की है। उनकी इस उपलब्धि ने जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है कि वे भी लगन और मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनवेशा की इस सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे कबीरधाम जिले के लिए गर्व का विषय है।

### होली किंगडम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया





**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के द होली किंगडम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थियों के हाल ही में घोषित कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणामों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व हो रहा है। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत अत्यंत प्रभाव शाली रहा, जिसमें प्रज्ञा चंदेल ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान यथार्थ शर्मा 91 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान रूद्रप्रताप ठाकुर 89 प्रतिशत इसी के साथ रेहान अंसारी 88.4 प्रतिशत, विशिस्ट श्रीवास्तव 85.4 प्रतिशत, इशिका सिंह 85 प्रतिशत, योगेंद्र साहू 83.2 प्रतिशत, तनीषा कौशिक 83 प्रतिशत व रणवीर सिंह साहू 82.8 प्रतिशत तथा शौर्य चंद्रवंशी 82.2 और 31 विद्यार्थियों ने विशिष्ट श्रेणी प्राप्तकर विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। जिस पर विद्यालय के टॉपर प्रज्ञा चंदेल ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वहीं अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिस पर विद्यालय के संचालक पास्टर जोस थॉमस, श्रीमती लिजी थॉमस एवं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### विकासखंड कवर्धा में पढ़ई तिहार का सफल आयोजन, समर कैंप की नई पहल शुरू



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड कवर्धा में गत दिनों 11 अप्रैल को अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में पढ़ई तिहार का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ना और ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी सीखने की प्रक्रिया को जारी रखना है। कार्यक्रम के तहत 9 काउंटर लगाकर विद्यार्थियों का आंकलन किया गया तथा माताओं को घर पर बच्चों को पढ़ाने के सरल एवं प्रभावी तरीके समझाए गए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी से कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 5 से 7 वर्ष के छात्राओं कि माताओं की सक्रिय भागीदारी रही। शिक्षकों एवं माताओं के उत्साह ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान बीआरसी केशकाल साहू, डीआरजी श्रीमती एलवीना विलसन, श्रीमती वर्षा मानिकपुरी एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से अंजली चंद्रवंशी ने विभिन्न शालाओं का भ्रमण कर गतिविधियों का अवलोकन किया। साथ ही समर कैंप के अंतर्गत तीन प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया जिसमें पहले हर घर ब्लैकबोर्ड के तहत घर में बच्चों के लिए अध्ययन कोना तैयार कर ब्लैकबोर्ड और चॉक की व्यवस्था करने पर बल दिया गया, ताकि बच्चे सहज रूप से गतिविधियां कर सकें। द्वितीय यूनिफॉर्म के अनुशासन एवं स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बच्चों में अच्छी आदतें विकसित करने पर ध्यान दिया गया तथा तृतीय बढ़ती गर्मी को देखते हुए ओआरएस, नींबू पानी, नारियल पानी एवं नियमित पानी पीने की आदत अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया, जिससे डिहाइड्रेशन से बचाव हो सके।

# दसवीं के परिणाम में अभ्युदय स्कूल बना जिला टॉपर, विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणाम-2026 में अभ्युदय स्कूल कवर्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रिकॉर्डतोड़ अंक प्राप्त कर एक नई मिशाल कायम की है। प्रतिवर्षानुसार की तरह इस बार भी अभ्युदय स्कूल ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए यह सिद्ध कर दिया कि गुणवत्ता, अनुशासन और निरंतर मेहनत ही उसकी पहचान है। 15 अप्रैल-2026 को घोषित परिणामों में विद्यालय ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष कई विद्यार्थियों ने 5 विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं आधे से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उत्कृष्टता को प्रमाणित किया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों विभोर सोनी 98.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कुलदीप नरवरिया 95.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय व अन्वेशा बोथरा 94.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्रमशः छात्र छात्राओं नें स्वास्तिक गुप्ता 94.6 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, अर्श गुप्ता 93. प्रतिशत पंचम, रीत्विक सिंह बैस 92.60 प्रतिशत, निधि केशरवानी 92. प्रतिशत, वंशिका अग्रवाल 91.6 प्रतिशत, सक्षम सिंह 91.40 प्रतिशत व स्वास्ति सिंह गहरवार 91.4 प्रतिशत प्राप्त किया। जिस पर छात्र विभोर सोनी ने एआई एवं एसएसटी में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। वहीं अन्वेशा बोथरा एवं निधि केशरवानी ने गणित में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए, वहीं मान्या ने एआई विषय में 100 से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिस पर विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कवर्धा के विभोर ने किया कमाल, 98.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया



विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। वहीं अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## समस्या : छात्र-छात्राएं बुनियादी सुविधाओं से वंचित

# जेवड़न खुर्द के स्कूल में अव्यवस्थाओं का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव लगातार गंभीर होता जा रहा है। रवेली मार्ग से लगभग एक मील की दूरी पर स्थित इस विद्यालय परिसर में 10 से 15 गांवों के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जो शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने का प्रयास कर रहे हैं। खात बात यह है कि इसी परिसर में दो शासकीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं तथा यहां समय-समय पर शासन द्वारा पात्रता परीक्षाएं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं भी आयोजित की जाती हैं, इसके बावजूद व्यवस्थाओं की कमी बनी हुई है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि बाउंड्रीवॉल के अभाव और क्षतिग्रस्त दीवारों के कारण विद्यालय परिसर असुरक्षित हो गया है, जिससे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और परिसर में शराब की बोतलें एवं डिस्पोजल सामग्री बिखरी रहती है। इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण पर पड़ रहा है। साथ ही विद्यालय में सायकिल स्टैंड का अभाव भी बड़ी समस्या बना हुआ है। छात्र-छात्राओं की साइकिलें खुले मैदान में खड़ी रहती हैं, जिससे गर्मी में पंचर और बरसात में जंग लगने की समस्या उत्पन्न होती है। वहीं सांस्कृतिक मंच नहीं होने के कारण राष्ट्रीय पर्वो एवं अन्य आयोजनों में विद्यार्थियों को जमीन पर ही प्रस्तुति देनी पड़ती है, जिससे उन्हें असुविधा होती है। जिस पर पालक गणों ने दो विद्यालयों के संयुक्त संचालन को देखते हुए स्थानीय स्तर पर पर्याप्त सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने प्रशासन से बाउंड्रीवॉल निर्माण, सायकिल स्टैंड और सांस्कृतिक मंच जैसी बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि विद्यालय का वातावरण सुरक्षित और व्यवस्थित बन सके।

### बाउंड्रीवॉल के अभाव, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा



विद्यालय परिसर में टूटी एवं अधूरी बाउंड्रीवॉल के कारण सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। मैदान में शराबियों का जमावड़ा लगने से बोतलें और गंदगी फैली रहती है, जिससे छात्र छात्राओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### सायकिल स्टैंड व सांस्कृतिक मंच की कमी से छात्र परेशान

सायकिल स्टैंड नहीं होने से सायकिलें खुले में रखने की मजबूरी है, वहीं सांस्कृतिक मंच के अभाव में राष्ट्रीय पर्वो पर कार्यक्रम जमीन पर ही आयोजित करने पड़ते हैं, जिससे विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# दिनदहाड़े तालाब के पास से मोटर साइकिल चोरी सीसीटीवी में कैद संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में दिनदहाड़े मोटर सायकिल चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंचायत के सरपंच सुरेश धुर्वे अपनी मोटर सायकिल तालाब के पास खड़ी कर पंचायत कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान लगभग 11:00 बजे तीन अज्ञात युवक एक अन्य मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और मौका पाकर खड़ी गाड़ी को लेकर फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से अंजाम दी गई कि किसी को शक तक नहीं हुआ। हालांकि यह पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, लेकिन फुटेज में आरोपियों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इससे पुलिस के सामने आरोपियों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण बन गया है। वहीं घटना की शिकायत कुण्डा थाना में दर्ज करा दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर पंडरिया में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** गत दिनों मंगलवार को भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पर्व पर सर्व समाज पंडरिया द्वारा रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर समाज सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन के माध्यम से मानवता, सहयोग और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। रक्त दान करने वालो में ललिता सेंडरे, बबीता परसते, शिव गायकवाड़, चंद्रभान कोसले, अजय बंजारे, नरेश सेंडरे, अनुराग ठाकुर, अखिलेश ठाकुर, रमेश कोशले, आशीष ठाकुर, अबूबेग, दीपक जायसवाल, सुरेंद्र देवांगन, राकेश निर्मलकर, लक्ष्मण बांधकर, इंदल डहरिया, नवीन कोशरिया सहित अन्य रक्तदाताओ ने रंक्तदान किए। वहीं चंद्रभान कोशले ने सभी रक्तदाताओं एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने की बात कही। उक्त कार्यक्रम मे चंद्रभान कोशले, शिवकुमार गायकवाड़, मुन्ना डाहिरे, द्वारिका बंजारे, विजय कुमार सोंन्द्रे, राजकुमार, अनंत, रामकुमार चौरसिया, संजय बंजारे, मोहन गायकवाड़, अजय बंजारे, नरेश सेन्द्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बसनी में बीपीएल रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी में बीपीएल रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास पांडेय, सुरेंद्र सिंह, पिल्लू साहू, केदार साहू, कपिल साहू, गोविंद साहू, श्रवण चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, अनुज, रामधुन, कुंजराम, रामनिहोरा, दिनेश कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन क्रिकेट समिति बसनी-घोरपेंड्री द्वारा किया जा रहा है, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक प्रारंभ किया गया। वहीं बीपीएल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 31,101 रूपए उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं द्वितीय पुरस्कार 15,501 श्रीमती दूरपती ईश्वर चंद्राकर सरपंच द्वारा तथा मैन ऑफ द मैच 2,101 विकास पांडेय, फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच 1,101 अमन मेडिकल कुण्डा द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

### 12 दिवसीय सब्जी-नर्सरी प्रबंधन एवं खेती प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

एसबीआई आरटी कवर्धा द्वारा जिला जेल में युवा बंधिया के लिए सब्जी खेती एवं नर्सरी प्रबंधन 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, आज युवा समाज मुख्य विचारधारा से भटक रहे हैं और नशे का सेवन करके कई तरह की छोटे-बड़े अपराध करने में लगे हैं जिनका खामियाजा इन्हें इस उम्र में भुगतना पड़ रहा है, जहां पर अधिकांश बंदी युवा है उन्हें एक सफल कृषक उद्यमी बनाकर अपने परिवार एवं माता-पिता का सहारा बनना था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने के बजाय वह अपराध करने में लग गए हैं। सहायक जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार बंजारे द्वारा बताया गया कि युवा विचाराधीन बंधिया को स्वरोजगार की दिशा में प्रशिक्षण दिया।

## वर्षो से मांग के बाद भी जिम्मेदारों की अनदेखी

# कुण्डा-दामापुर क्षेत्र में फायर ब्रिगेड वाहन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव, कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र में फॉयर ब्रिगेड वाहन की अनुपलब्धता ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आग लगने की घटनाओं के दौरान समय पर दमकल वाहन नहीं पहुंच पाने से भारी नुकसान हो रहा है और कई मामलों में मकान एवं संपत्ति पूरी तरह जलकर राख हो जा रही है। ग्रामीणों के मिली जानकारी के अनुसार आग लगने की स्थिति में तत्काल सूचना देने के बावजूद फॉयर ब्रिगेड वाहन पंडरिया अथवा जिला मुख्यालय कबीरधाम से आता है, जिसके कारण दूरी अधिक होने से घटनास्थल तक पहुंचने में काफी विलंब हो जाता है। इस दौरान आग विकराल रूप धारण कर लेती है और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयास भी पर्याप्त नहीं हो पाते।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कुण्डा या दामापुर थाना क्षेत्र में यदि एक फॉयर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराया जाए तो 10 से 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सकता है। इससे न केवल जन-धन की हानि को रोका जा सकेगा, बल्कि ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को राहत मिल रही है। इसी तर्ज पर फॉयर ब्रिगेड वाहन की भी मांग लंबे समय से लगातार की जा रही है, किंतु अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि कुण्डा या दामापुर में फॉयर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाती है तो लगभग 100 से 150 गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में आगजनी की घटनाओं में समय पर राहत नहीं मिलने से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए कुण्डा-दामापुर क्षेत्र में शीघ्र फॉयर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित राहत सुनिश्चित की जा सके।

### वर्षो से जारी मांग, अब तक नहीं मिली सुविधा

कुण्डा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा फॉयर ब्रिगेड वाहन की मांग कई वर्षों से लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। बढ़ती आगजनी की घटनाओं के बीच यह सुविधा क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

### नाऊडीह में पचरी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया, निर्माण कार्य के बाद ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम नाऊडीह में लंबे समय से मांग के चलते क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा वाल्मिकी वर्मा द्वारा जनपद निधि से स्वीकृत दो लाख रुपए की लागत से पचरी निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम धरती माता एवं गंगा मैया की पूजा-अर्चना विधि-विधान से किया गया, भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। जिस पर ग्रामवासियों ने इस निर्माण कार्य के लिए जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा वाल्मिकी वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पचरी निर्माण से निस्तारी करते समय गांव के सभी ग्रामीण नागरिकों को काफी सुविधा होगी तथा ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही बुनियादी निस्तारी समस्या का समाधान होगा। यह कार्य गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और पूरे गांव के लिए हर्ष का विषय है। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे, जिससे ग्राम पंचायत का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जनपद प्रतिनिधि वाल्मिकी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा, ग्राम वरिष्ठ घनाराम वर्मा, मंशाराम वर्मा, दीपचंद वर्मा, पंचराम वर्मा, सुनील वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, सुशील वर्मा, जितेंद्र मानिकपुरी, कौशल धुर्वे, दिनेश वर्मा, खेमचंद वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप

### जपं कवर्धा और बोड़ला सीईओ को नोटिस



**कवर्धा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बगैर गत दिवस मुख्यालय से बाहर रहने पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल द्वारा कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 में निहित प्रावधानों के तहत कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि 14 अप्रैल को जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश पूर्व से जारी किए गए थे। इस दौरान बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय में अनुपस्थित रहना पदीय दायित्व के निर्वहन में लापरवाही,कदाचरण एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के विपरीत पाते हुए यह कार्रवाई की गई है। सीईओ जनपद पंचायत कवर्धा एवं सीईओ जनपद पंचायत बोड़ला को समक्ष में उपस्थित होकर कारण बताओ सूचना का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नोटिस में कहां गया है कि समय अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एवं जवाब समाधान कारक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल द्वारा दी गई है।

### 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाएगा। लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगें। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थत 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थत प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण-पोषण धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए रखा जाना है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है तथा नम्बर पर भी जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में अधिवक्तागण, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग तथा समस्त बैंको से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### लिखित परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 में चयन के लिए अभ्यर्थी को ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा देना अनिवार्य है। ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) माह जून 2026 में आयोजित होना संभावित है। इसके लिए कबीरधाम जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने ऑनलाईन आवेदन किया है, उन्हें ऑनलाईन लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग 01 मई 2026 से दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में 22 अप्रैल 2026 तक अपना नाम दर्ज करा सकते है या इस विभाग की ई-रोजगार पोर्टल में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय (काली मंदिर के पास, कवर्धा) या दूरभाष क्रमांक से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### कार्यों में तेजी एवं कसावट लाने दिए निर्देश

**कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल 2026 से वेतन का भुगतान ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी कार्यालयों में आधार बेस्ड बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया लागू की गई है। इसी क्रम में जिला पंचायत कबीरधाम कार्यालय में भी आधार बेस्ड बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शासकीय कार्य में कसावट लाने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्थित होकर आधार बेस्ड बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस किए जाने के निर्देश है। इसी के परिपालन में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि चालू माह अप्रैल से वेतन का भुगतान आधार आधारित बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से जारी रिपोर्ट अनुसार किया जावेगा।

### आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा, दो गिरफ्तार

**कवर्धा।** इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कबीरधाम पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पहली कार्रवाई 14 अप्रैल को की गई, जब मुखबिर की सूचना पर थाना कवर्धा पुलिस टीम ने कवर्धा-रायपुर मुख्य मार्ग स्थित ग्राम दुल्लापुर के पास घेराबंदी की। इस दौरान आरोपी अंकित गोस्वामी आयु 23 वर्ष, निवासी ग्राम बहरमुड़ा, चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया को पकड़ा गया। आरोपी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा था। उसके कब्जे से वीवो वी27 मोबाइल फोन कीमत लगभग 11 हजार रुपये जब्त किया गया। मोबाइल की जांच में व्हाट्सएप चैट एवं ऑनलाइन सट्टा लिंक मैचबू9-डॉट-कॉम के माध्यम से सट्टा संचालित करने के साक्ष्य मिले। दूसरी कार्रवाई रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा, कवर्धा क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी दीपक कश्यप आयु 23 वर्ष, निवासी ग्राम बहरमुख, चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया को गिरफ्तार किया। वह भी मोबाइल के जरिए आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा खेलते पाया गया। उसके कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10 हजार रुपये) जब्त किया गया। जांच में ऑनलाइन सट्टा साइट मैचबू 9-डॉट-कॉम एवं संबंधित आईडी के जरिए सट्टा संचालन के प्रमाण प्राप्त हुए। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, आईपीएल के दौरान ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हुए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

**समस्या:** गन्ना उत्पादक किसानो को भुगतान न मिलने से भारी असंतोष

# 78 करोड़ की शक्कर गोदाम में, फिर भी कारखाने की तिजोरी खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के भोरमदेव शक्कर कारखाना से जुड़े गन्ना उत्पादक किसान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। एक ओर कारखाने के पास करीब 2.10 लाख क्विंटल शक्कर का स्टॉक मौजूद है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 78 करोड़ रुपये बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों का करीब 50 करोड़ रुपये का भुगतान महीनों से लंबित है। इस विरोधाभासी स्थिति ने किसानों में आक्रोश व असंतोष पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कारखाने द्वारा तैयार की गई शक्कर का उठाव नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के माध्यम से किया जाता है, लेकिन निगम द्वारा समय पर भुगतान नहीं किए जाने के कारण कारखाना प्रबंधन किसानों को गन्ने का बकाया भुगतान नहीं कर पा रहा है। इसका सीधा असर उन किसानों पर पड़ रहा है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लागत लगाकर गन्ने की फसल तैयार कर कारखाने को बेची थी। भुगतान नहीं मिलने से परेशान किसान लगातार कारखाना और संबंधित कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब वर्तमान समय में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और किसानों को नगद राशि की सख्त जरूरत है। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने फसल उत्पादन के लिए कर्ज लिया था, जिसे चुकाने में अब कठिनाई हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। मंगलवार को किसानों ने उस समय कड़ा रुख अपनाया, जब कारखाने से नान के लिए शक्कर से भरे ट्रकों का परिवहन किया जा रहा था। आक्रोशित किसानों ने ट्रकों को रोक दिया और कारखाने के शक्कर गोदाम में ताला जड़ दिया। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक शक्कर का भुगतान अग्रिम रूप से नहीं किया जाता, तब तक किसी भी स्थिति में शक्कर का उठाव नहीं होने दिया जाएगा। उनका कहना है कि पहले किसानों का बकाया चुकाया जाए, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया होनी चाहिए।

**आरोप : शासन-प्रशासन नहीं दिखा रहा है गंभीरता**



किसानों का यह भी आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर कृषि आधारित उद्योगों और किसानों के बीच भुगतान व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। जरूरत इस बात की है कि संबंधित विभाग और शासन स्तर पर तत्काल हस्तक्षेप कर किसानों के बकाया भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संकट से राहत मिल सके और कृषि उत्पादन की निरंतरता बनी रहे।

## चिल्फीघाटी में रफ्तार का कहर, ट्रक की चपेट में आए युवक की मौके पर मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी/कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में गुरूवार को एक बार फिर दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा इतना भयावह था कि प्रत्यक्षदर्शियों की रूह कांप उठी। मिली जानकारी के अनुसार, घाट मार्ग से गुजर रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे मौजूद युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक ट्रक के पिछले पहिये के नीचे फंस गया।



आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर वाहन रुकवाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक युवक बैजलपुर क्षेत्र का रहने वाला था, मृतक युवक के साथ मौजूद दूसरा युवक मंगली क्षेत्र का बताया जा रहा है।

हादसे के बाद दूसरा युवक गहरे सदमे में है। पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़ फरार हो गया है। पुलिस ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### राजानवागांव के इको क्लब द्वारा चिल्फी घाटी में नेचर कैंप आयोजित



**कवर्धा।** पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा विद्यालय छात्र छात्रों के पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के लिए आर्थिक सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजा नवागांव के इको क्लब द्वारा एक दिवसीय नेचर कैंप शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत लगभग 50 की संख्या में इको क्लब के सदस्य सुजीत गुप्ता व्याख्याता के नेतृत्व में राजानवागांव से भोरमदेव अभ्यारण मार्ग होते हुए बंजारी मंदिर एवं चील्पी घाटी के सुरम्य वादियों से होते हुए पीड़ा घाट तक की यात्रा की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी के प्राचार्य एस एल पंद्रो के मुख्य आतिथ्य एवं व्याख्याता जुगल किशोर वर्मा, भारती सर की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधित चित्रों के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण वायु, जल स्वच्छता ,जल संरक्षण एवं वायु प्रदूषण से संबंधित विचारों का उल्लेख रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में ऐश्वर्य साहू, चांदनी साहू एवं चुलेश्वरी ने अपना स्थान बनाया।

## आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण लेकर अब बच्चों को आधुनिक शिक्षा देंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से सतत विकास विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आईआईटी भिलाई में हुआ। समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण में कबीरधाम जिले से पांच शिक्षकों ने सहभागिता की। इनमें पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल, बोड़ला की जीवविज्ञान व्याख्याता श्रीमती रीना पंडित भी शामिल रहीं।




कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सतत विकास के विभिन्न आयामों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत, अपशिष्ट प्रबंधन और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, प्रायोगिक सत्र, समूह चर्चा और प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का प्रमुख आकर्षण आईआईटी भिलाई की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का शैक्षणिक भ्रमण रहा। इस दौरान शिक्षकों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, मैकेनिक्स, पर्यावरण एवं कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित लैब का अवलोकन कर नई तकनीकों और शोध कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अब अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक, नवाचार आधारित एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें विज्ञान एवं तकनीक के प्रति जागरूक और सक्षम बनाएंगे।

## भीषण गर्मी के मद्देनजर 20 से स्कूली बच्चों की छुट्टियां, एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में बड़ा बदलाव किया गया है, जिसका छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे तापमान और छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की आशंका को ध्यान में रखते हुए सरकार ने आगामी 20 अप्रैल से ही स्कूलों में छुट्टियां घोषित करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा 16 अप्रैल को जारी नए आदेश के तहत



प्रदेश की समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त और अशासकीय शालाओं में विद्यार्थियों के लिए अवकाश की अवधि 20 अप्रैल से 15 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जारी कैलेंडर के अनुसार यह छुट्टियां एक मई से शुरू होने वाली थीं, लेकिन वर्तमान मौसम को देखते हुए पूर्व आदेश को संशोधित कर बच्चों को जल्द राहत दिया गया है। हालांकि शासन के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश अभी भी एक मई से ही प्रभावी होगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने लू और तपिश को देखते हुए शिक्षकों के लिए भी ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि 20 अप्रैल से ही लागू करने की मांग किया ।

**गीला कचरा, सूखा कचरा अलग-अलग रखने नगर के लोगों से किया निवेदन**

## स्वच्छता की अलख जगाने नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खुद उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा की संकल्प को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी स्वयं मैदान में उतरकर वार्ड क्रमांक 01 (रामनगर) में डोर-टू-डोर स्वच्छता संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपनी पालिका टीम के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। इस दौरान लोगों से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने का अनुरोध किया गया। पालिका टीम द्वारा लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और सभी से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। इस पहल को लेकर वार्डवासियों में भी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया ने बताया कि यह अभियान शहर के सभी वार्डों में लगातार चलाया जाएगा, ताकि "स्वच्छ कवर्धा" का सपना साकार हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, सभापति अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी, पार्षद डोनेश ठाकुर, योगेश चन्द्रवंशी, सुनील साहू, संजीव कुर्रे, विधायक प्रतिनिधि गोलू यादव, स्वच्छता प्रभारी लियाकत अली, पीआईयू होमेश मानिकपुरी, राकेश ठाकुर सहित अधिक संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।



### स.लोहारा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे ज्ञान भारतम्‌ पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ केएस परिहार ने छात्र-छात्राओं को पांडुलिपि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी जैसे पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण साथ ही पुराने दस्तावेज को ज्ञान भारतम्‌ पांडुलिपि एप में अपलोड करने के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग गिरधारी वर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशाल पांडुलिपि विरासत का सर्वेक्षण दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है।